दिनांकः 25 / 11 / 2022

प्रकाशनार्थ

**पोस्टर के माध्यम से संविधान को उकेरा, स्लोगन से बताई महत्ता।**

बीए एलएलबी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के बीए एलएलबी के विद्यार्थियों के लिए आगामी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पिछले कई दिनों से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही हैं। इसी अनुक्रम में आज संविधान एवं संवैधानिक मूल्य के विषय–वस्तु पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बेहद उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

बीए एलएलबी प्रोग्राम के समन्वयक प्रो.अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि माननीय कुलपति प्रो. राजेश सिंह जी के द्वारा विश्वविद्यालय में इनोवेटिव प्रोग्राम को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रेरित किया जाता हैं। इसी अनुक्रम में विद्यार्थियों के अंदर छिपे उनके रचनात्मक पहलू को उजागर करने के लिए एवं उनका कौशल ज्ञान बढ़ाने के लिए बीए एलएलबी पंचवर्षीय प्रोग्राम के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से संविधान के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित कर अपने अंदर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कुछ खास स्लोगन–

1) दर्जनों भाषा,सैकड़ों विधि, हजारों विधान है।

   जो जोड़कर सबको साथ रखें,वो भारतीय संविधान है।

2) छोटा–बड़ा, अमीर–गरीब ऐसा कोई नहीं तोलेगा,

   संविधान है तो हर शख्स न्याय पर बोलेगा।

3) एकता की शान,

   मेरा संविधान ।

4) भलाई का जिसमे है विधान,

   वही है भारतीय संविधान

समन्वयक प्रो.अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि आज के कार्यक्रम के निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. आशीष कुमार शुक्ला, डॉ. शिवपूजन सिंह, डॉ. शैलेश कुमार सिंह ,डॉ. गौरीशंकर चौहान एवं डॉ प्रदीप साहनी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के प्रभारी, डॉ. पंकज कुमार सिंह, डॉ सतेंद्र श्रीवास्तव ,श्री गिरीश सिंह एवं मंतशा अजीज रहे तथा टीम इंचार्ज के रूप में श्री आशीष नाथ तिवारी ने जिम्मेदारी का निर्वहन किया। प्रो. शुक्ला ने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को सभी विद्यार्थी एक साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे और उसी दिन अब तक आयोजित हुई प्रतियोगताओं का परिणाम भी घोषित होगा। कक्षाएँ अपने समय से संचालित होंगी।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur